संक्षेप

आईआईएम के सभागार का उद्घाटन

रांची। आईआईएम रांची के नव निर्मित सभागार का उद्घाटन सोमवार को सांसद परिमल नाथवानी ने किया। यह वातानुकूलित सभागार 13.56 करोड़ रुपये की लागत से बना है। 40,000 वर्ग फुट में फैले इस सभागार की क्षमता 650 लोगों की है। इसमें आधुनिक आईटी तकनीक और ऑडियो-वीडियो की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, आईआईएम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पांडेय समेत अन्य शिक्षकगण मौजूद थे। 15 दिसंबर को आईआईएम का 12वां स्थापना दिवस समारोह नवनिर्मित स्थाई परिसर में आयोजित किया जाएगा।

Hindustan, 15.12.2020, Pg. 06